आध्यात्मिक जागृति द्वारा ही महिला घर को स्वर्ग बना सकती है।

5 अगस्त 2018: महिला भी परिवार एवं समाज का किरदार बनाने और सवारने में सशक्त है। हर क्षेत्र में श्रेष्ठता प्राप्त कर रही महिला गर आध्यात्मिक जागृति के साथ जीवन जियेगी तो घर स्वर्ग बन जाएगा।

Female devotees attentively participating in the workshop

इसी आध्यात्मिक पहलू को मजबूती प्रदान करने हेतु क्षेत्रीय स्तर महिला वर्कशॉप का आयोजन 4 अगस्त 2018 को संत निरंकारी सत्संग भवन, भायंदर में किया गया। दहिसर, पेंकरपाडा, काशिमिरा, मीरा रोड, भायंदर पूर्व, भायंदर पश्चिम, इत्यादि स्थानों से करीब 800 महिलाओं ने वर्कशॉप में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

Female devotees participating in Hardev Bani Quiz Competition

आ. बहन अरुणा यादव जी (संत निरंकारी मिशन की प्रचारिका) एवं आ. बहन मधु अरोरा जी (ज़ोनल कोऑर्डिनेटर मुंबई ज़ोन) की अध्यक्षता में यह वर्कशॉप सम्पन्न हुआ। घर को स्वर्ग बनाने में महिला का योगदान, निष्काम सेवा, भ्रम भुलेके से मुक्ति, निरंकार के भय में भक्ति संभव इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला गया। ब्रम्हज्ञान से संबंधित महिलाओं के प्रश्नों का भी निवारण किया गया। निरंकारी राज माता जी, सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी एवं सतगुरु माता सविंदर हरदेव जी के वीडियो प्रवचन द्वारा भी इन विषयों पर प्रकाश डाला गया। आ. बहन

राज वासदेव सिंह जी (मेंबर इंचार्ज प्रचार विभाग एवं टैलेंट हंट) द्वारा नारी सत्संग विषयी मार्गदर्शन वीडियो भी दिखाया गया।

Nari Sangat Incharges sharing token of love with guest of honor

सम्पूर्ण हरदेव बाणी पर आधारित प्रश्नमंजूषा में भी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ब्रांचों की नारी संगत इंचार्ज बहनों ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर आभार व्यक्त किया। आ. बहन रेशमा गांवकर जी ने कुशलपूर्वक मंच संचालन किया।